बेतवांचल



नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 5 दिसम्बर, 2025

# वैध शराब की आड़ में अवैध शराब का खेला

**खास बातें**

- कागदीपुरा से इलाका नरेंद्र बाबा को अवैध शराब तस्करी में किया गिरफ्तार
- डेढ़ लाख की शराब समेत नगदी बरामद
- बायपास और हाईवे पर ढाबों पर भी मिल रही शराब





नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 दिसम्बर, शहर में अवैध शराब का धंधा जोरों से पनप रहा है. कागदीपुरा इलाके में पुलिस ने बुधवार की रात अवैध की बड़ी खेप पकड़ी है. अवैध की तस्करी में पकड़े गए आरोपी के तार वैध शराब की दुकानदार से जुड़े हैं. पुलिस ने जो शराब पकड़ी है उसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है वहीं आरोपी से करीब 32 हजार रुपए भी नगद बरामद किए गए हैं.**

पुलिस आरोपी का पुराना रिकार्ड खंगाल रही है. बुधवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कागदीपुरा नीमताल इलाके में दो लोग अवैध शराब की तस्करी कर जिनके पास भारी मात्रा में अंग्रेजी ब्रांड की मंहगी शराब है. जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 125 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई.पुलिस ने कागदीपुरा निवासी हेमराज उर्फ नरेंद्र बाबा और पृथ्वी राजपूत को गिरफ्तार किया गया है. नरेंद्र बाबा के खिलाफ पहले भी अवैध शराब की तस्करी के मामले भी दर्ज हो चुके हैं.वहीं बताया गया कि कई सालों से कागदीपुरा इलाके में काफी समय से अवैध शराब के बिकने की बात सामने आ चुकी हैं. पुलिस यहां पर कई पर दबिश दे चुकी है. अब पुलिस नरेंद्र बाबा की शराब की तस्करी से जुड़े मामलों की जानकारी खंगाल रही है.


### शराब की दुकानों से ही बिक रही अवैध शराब

शहर की अधिकांश शराब की दुकानों से ही अवैध तरीके से बेंचे जाने की जानकारी सामने आ रही है. शराब की दुकान खुलने से पहले ही सुबह 6 बजे से शटर के नीचे से शराब की बिक्री शुरू हो जाती है. वहीं रात में 11.30 बजे तक शराब की दुकान बंद हो जाती है उसके बाद भी शटर या फिर आसपास से देर रात तक शराब बिकती रहती है. पिछले कई महीनों से इस तरह से शराब की अवैध तरीके से बिक्री होती आ रही है. जिस पर आबकारी विभाग कार्यवाही नहीं करता है.

### ओवर रेट पर भी बिक रही शराब, नहीं लगी रेट लिस्ट

शहर की अधिकांश शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं लगी है जबकि नियम के अनुसार सभी दुकानों पर रेट लिस्ट लगाना जरूरी है. बताया गया कि वर्तमान में शराब ठेकेदारों की मिली भगत से शहर की अधिकांश दुकानों पर ओवर रेट में शराब बेंची जा रही है. जहां देशी प्लेन का क्वार्टर 90 में रुपए में बेंचा जा रहा है वहीं मसाला शराब का क्वार्टर 110 रुपए में बेंचा जा रहा है. यह ओवर रेट पिछले 1 माह से ज्याद चल रहा है और आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस बात की खबर ही नहीं है खबर है तो उस पर कार्यवाही नहीं की जा रही है. यही हाल शहर के आसपास की शराब की दुकानों का भी बताया जा रहा है. वायपास और हाईवे पर बिक रही अवैध शराब भी जमकर बिक रही है. बताया गया कि हाईवे पर जो ढाबा हैं उन पर संचालकों ने दुकान पर आने वाले लोगों को शराब मुहैया करा दी जाती है. बस जो शराब ढाबों पर दी जाती है उसका चार्ज थोड़ा ज्यादा होता है.

## शहर में बढ़ती धूल बनी बड़ी समस्या




नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में धूल का स्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है. तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि रात के समय वाहनों की हेडलाइट के सामने धूल की मोटी परत हवा में तैरती नजर आ रही है.**

धूल इतनी घनी है कि सड़क पर चल रहे वाहन भी धुंधले दिखने लगते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है नगरवासियों का कहना है कि धूल के कारण सांस लेना मुश्किल हो रहा है. अस्थमा, खांसी, एलर्जी और आंखों में जलन जैसे रोग बढ़ने लगे हैं। वहीं सड़क किनारे रहने वालों और रोजाना दोपहिया से सफर करने वालों के लिए स्थिति और भी अधिक परेशान करने वाली बन गई है.

### ऑल इंडिया हॉकी चैंपियनशिप में शामिल होंगे अजय

नवभारत न्यूज



**सिरोंज,** राजकोट में आयोजित होने वाली 74 वीं ऑल इंडिया पुलिस हॉकी चैंपियनशिप में सिरोंज के युवा अजय शर्मा इस प्रतियोगिता में शामिल होकर प्रदर्शन कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता 4 दिसंबर से 14 दिसंबर के बीच आयोजित की जा रही है. इस मौके पर लोगों ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

## विधायक ने शून्य काल में छात्रावास भवन का उठाया मामला

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**क्षेत्र विधायक मुकेश टंडन द्वारा 4 दिसंबर को विधान सभा के शीतकालीन सत्र में आज शून्य काल में विदिशा नगर की शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में स्थित छात्रावास भवन निर्माण में हुई अनेक प्रकार की अनियमितताओं का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि उक्त छात्रावास भवन में अनियमितताओं के कारण वह संचालित नहीं हो पा रहा है. छात्राओं के भविष्य को देखते हुए उन्होंने निर्माण एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की पुरजोर मांग सदन में की है.इस संबंध में सदन में उन्होंने कहा कि पिछले दोनों यह नवीन भवन बनकर तैयार हुआ है.लेकिन भवन में आंतरिक विद्युत व्यवस्था खराब है कमरों एवं बालकनी में बरसात का पानी आता है.बालकनी में ड्रेनेज पाइप नहीं लगा है.सभी बाथरूम एवं टॉयलेट के नल क्षतिग्रस्त हैं.भवन की संपूर्ण दीवानों में डरा रहे हैं.भवन की छत से सभी कमरों में पानी रिश्ता है आदि अनेक समस्याएं हैं.

**एक नजर में**

### लगा चिकित्सा शिविर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष मसूदपुर द्वारा ग्राम थनवाया के आंगनबाड़ी केंद्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 72 मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया डॉ दर्शना रघुवंशी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ अरविंद कनौजिया द्वारा रोगियों की जांच एवं चिकित्सा की गई, श्रवण कुमार अहिरवार द्वारा दवा का वितरण किया गया. शिविर में शीतकाल में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया एवं उनसे बचाव के उपाय भी साझा किए गए. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीतांजलि राजपूत एवं कमलाबाई द्वारा शिविर की व्यवस्था सुचारू रूप से संभाली गई.

### ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार त्रैमासिक रूटीन तहत गुरूवार चार दिसम्बर को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण किया. इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, इलेक्शन सुपरवाईजर नरेन्द्र कुमार भांगरे भी साथ मौजूद रहे.

## अचानक सांची थाने पहुंचे एसपी गुप्ता, किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**अपराधों पर कड़ाई और महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश**



नवभारत न्यूज

**सांची, जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने आज सुबह अचानक सांची थाने का निरीक्षण किया. उनके आगमन पर थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.**

एसपी गुप्ता ने थाने पहुंचते ही साफ-सफाई, रिकॉर्ड तथा विभिन्न कक्षों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी से क्षेत्र में चल रही आपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए.उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिलाओं और स्कूली छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है. अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी देते हुए उन्होंने टीम वर्क और तत्परता बनाए रखने पर जोर दिया.उन्होंने वाहनों की चेकिंग मे भी तेजी लाने के निर्देश दिए.थाना प्रभारी त्रिपाठी ने एसपी को अपराध नियंत्रण हेतु उठाए जा रहे कदमों तथा थाने को आदर्श थाना बनाने की दिशा में चल रही कार्यवाहियों से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि पुलिस निरंतर जमीनी स्तर पर जनता से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का प्रयास कर रही है.जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने एसपी का यह निरीक्षण पुलिस की सक्रियता का स्पष्ट संदेश है.

## वेद मंदिर आर्य समाज मेहलुआ चौराहा पर आरम्भ हुआ महायज्ञ

नवभारत न्यूज

**कुरवाई, परमेश्वर ने इस संसार में मनुष्य को धर्मकार्य करने के लिए भेजा गया है, जो मनुष्य धर्म के रास्ते पर नहीं चला, जो विद्या ग्रहण करने से दूर रहा, दान नहीं कर सका, जिसने ईश्वर भक्ति की तपश्या नहीं की, जिसमें धैर्य शीतलता का समावेष नहीं हो सका. वह मनुष्य जीवन प्राप्त करने के बाद भी पषु के समान हैं, मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में अनेक समानतायें हैं.**

यह विचार यहां वेद मंदिर आर्य समाज मेहलुआ चोराहा के परिसर में चल रहे चर्तुवेद शतकम एवं गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस वेद विदुषी आकांक्षा शास्त्री ने प्रवचन करते हुए व्यक्त किए.आयोजन में आगरा से पधारे स्वामी संगीतानंद सरस्वति के भजनोपदेषों से भी धार्मिक जन लाभ ले रहे हैं. वहीं श्रीमती तरूणा दीपेन्द्र सोनी के द्वारा अपने सुमधुर भजनों से सभी को आनंदित किया गया. कार्यक्रम का संचालन मध्यभारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के उपमंत्री ओमप्रकाष आर्य ने किया. महायज्ञ की पूर्ण आहूति 6 दिसम्बर को होगी.वेद मंदिर मेहलुआ चौराहा पर वैदिक विद्वानो के सानिध्य में चर्तुवेद शतकम तथा गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस यज्ञ वेदी पर मुख्य यजमान श्रीमती सरोजलता रमेश कुमार आर्य भोपाल, श्रीमती शोभा ओमप्रकाष आर्य, श्रीमती अलका सूर्यप्रकाष आर्य, श्रीमती रानी रविन्द्र कुमार आर्य प्रधान आर्य समाज, श्रीमती सीमा मनोज कुमार आर्य, के द्वारा वेदमंत्रों से आहूतियां दी गंई.आयोजन के द्वितीए दिवस महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, तथा समापन अवसर पर वैदिक विद्वानों के सम्मान के साथ ही क्षेत्र के कर्मकाण्ड से जुडे ब्राहम्मण बन्धुओं का सम्मान भी किया जायेगा. आयोजन समिति के द्वारा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आयोजन का लाभ लेने का आव्हान किया है.

## वार्ड 23 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने किया जनसंपर्क



नवभारत न्यूज

**विदिशा, एसआईआर फार्म भरने के लिए विदिशा विधायक मुकेश टंडन द्वारा निरंतर चलाए जा रहे मतदाता जागरूक अभियान को लेकर गुरुवार को शहर के वार्ड नंबर 23 में सावरकर बाल बिहार, स्वर्णकार कॉलोनी, निकासा, गुरुद्वारा, गोयल धर्मशाला एवं फल सब्जी मंडी के क्षेत्रों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विधायक टंडन ने सभी लोगों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फॉर्म भरने की अपील जनता जनार्दन से की. क्योंकि यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण है सभी लोग इसको आवश्यक रूप से करें क्योंकि एक बार मतदाता सूची में नाम कट जाने से कई परेशानी को सामना करना पड़ सकता है.**

अत: सभी लोग अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों के फार्म भर कर अतिशीघ्र जमा कर दे अगर कोई परेशानी होती है या कुछ समझ नहीं आता तो आप बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं भाजपा वरिष्ठ नेता आनंद जैन, राधेश्याम महेश्वरी, वैत्रवती नगर मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पार्षद संतोष पेंटर, कमलेश अहिरवार, विकास भट्ट, रविन्द्र रघुवंशी,संजीव अरोड़ा, कपिल कुमार, लियाकत खान कल्लू भाई, बृजेंद्र सिंह पप्पू सरदार, वीरेंद्र धाकड़ मिर्ची सेठ, पवन पंजाबी, आसिफ पटेल, अरुण पटेल, राघवेंद्र विश्वकर्मा, राजेंद्र ठाकुर आदि कई कार्यकर्ता शामिल रहे.

## बिजली तारों को चुराने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पिछले दिनों सिविल लाइन थाना के अंतर्गत बिजली डीपी से खेतों तक सप्लाई करने वाले तारों की चोरी की घटनाएं हुई थी. बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा इस बात की शिकायत लिखित रूप में थाने में की गई थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की.तकनीकी साक्ष्य और अन्य पूछताछ के दौरान पांच आरोपी चिन्हित किए गए. जो सभी भोपाल के निवासी थे. टीआई आरके मिश्र ने बताया कि आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार किया गया. गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया. उन्होंने बताया कि 140000 रुपए कीमती तारों को भी जप्त किया गया है.

## मारपीट करने वाले आरोपी को 6 माह की सजा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अंषुमान सुहाने द्वारा बताया गया कि माननीय न्यायालय सुश्री सृष्टि कुषवाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील-गंजबासौदा, जिला-विदिषा ने अपने निर्णय दिनांक 03.12.2025 को आरोपी को भादवि की धारा 325 भादवि में 06 माह का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दण्डित किया.फरियादिया ने थाना बौसादा में षिकायत की कि दिनांक 21.06.2019 को लगभग 10:15 बजे मेरे घर के सामने मिले पुरानी रंजिष की बात को लेकर दोनों आरोपी गंगाबाई व अन्य ने फरियादिया को मां बहन की गंदी गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी दी व फरियादिया को जमीन पर घसीट दिया. पास में खडे अमित यादव ने बीच बचाव किया. जमीन पर घसीटने से फरियादिया को सीधे पैर के पंजे पर चोट आई. फरियादिया ने आवाज दिया तो उसका लडका शानू घर के अंदर से आया तो, दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए.फरियादिया की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना शहर बासौदा के अपराध क्रमांक 399/19 अंतर्गत धारा 294, 323, 34 एवं 506 भा.द.स. में पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया.विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 325 भादवि का ईजाफा किया गया.विचारण उपरांत आरोपी गंगाबाई के विरूद्ध आरोप सिद्ध पाये जाने पर न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 325 भादवि में 06 माह का कारावास एवं 1000 रूपएअर्थदंड से दंडित किया गया, जिसकी पैरवी अंशुमान सुहाने एडीपीओ गंजबासौदा द्वारा की गयी. प्रकरण के निराकरण हेतु आरक्षक जितेन्द्र दांगी द्वारा समय पर समंस वारंट जारी कर प्रकरण में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया.

**जायजा** | **कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किया रात्रि निरीक्षण**

## रैन बसेरा, मंडी परिसर एवं ओबीसी हॉस्टल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



नवभारत न्यूज

**विदिशा, कड़ाके की ठंड के बीच जनसुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार की देर रात शहर के विभिन्न स्थलों का अचानक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा, कृषि उपज मंडी परिसर एवं ओबीसी छात्रावास पहुँचकर व्यवस्थाओं की जाँच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**

कलेक्टर श्री गुप्ता सबसे पहले विदिशा शहर के बस स्टैंड के समीप नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा पहुंचे. उन्होंने वहाँ ठहरने वाले लोगों से बातचीत कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली. बिस्तर, रजाई, पानी, साफदृसफाई तथा प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण कर किसी भी स्थिति में जरूरतमंदों को ठंड में खुले में न रुकने देने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में पर्याप्त गरम बिस्तर, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रहें.निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रात में मंडी परिसर पहुँचे और वहां की सुरक्षा, प्रकाश, जल निकासी एवं चैकीदार व्यवस्था की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे तथा रात्रि में प्रकाश व्यवस्था निर्बाध रूप से चालू रहे, जिससे परिसर में कोई असामाजिक गतिविधि न हो सके.कलेक्टर श्री गुप्ता ने ओबीसी छात्रावास का भी निरीक्षण किया.यहाँ उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर भोजन, आवास, पानी, स्वच्छता, सुरक्षा एवं पढ़ाई से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली. कमियों की ओर ध्यान दिलाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभाग को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए.उन्होंने छात्रों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया.कलेक्टर श्री गुप्ता ने रात्रि निरीक्षण उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा है कि जिले में संचालित जनकल्याणकारी व्यवस्थाएं व्यवस्थित, सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित हों तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

## सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षा विशेष कर पुलिस भर्ती में चयन हेतु निशुल्क मार्गदर्शन अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण हेतु पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में कक्षाएं संचालित की जा रहे हैं इक्षुक प्रतिभागियों के आवेदन 10 दिसम्बर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विदिशा मे आमंत्रित किए जाते हैं.**

इक्षुक प्रतिभागी जिनकी आयु न्यूनतम 18 वर्ष हो एवं कक्षा 12वीं उत्तीर्ण हों, कार्यालय समय प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों (आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, एवं कक्षा 10वीं 12वीं की मार्कशीट की फोटो कॉपी) के साथ आवेदन कर सकेंगे अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 94251 30 150 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी)स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/ 4022/25 :: **निविदा प्रकाशन दिनांक संशोधन** :: दिनांक 4.12.2025

---00---

रूसा- 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से डुब्ल डेस्क **फर्नीचर सामग्री क्रय** की जाने हेतु निविदा क्रमांक **2025_HED_459484_1** दिनांक 01.11.2025 की अंतिम तिथि 22.11.2025 को संशोधित करते हुये **2025_HED_459484_1** दिनांक **18.12.2025** की जाती है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

**प्राचार्य**